पत्रिका

Gonda News: नकली नोट का कारोबार करने वाले दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, 5 लाख नकली नोट बरामद मार्केट में ऐसे करते थे खपत

Gonda News: नकली नोट का कारोबार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तलाशी के दौरान उनके पास से 5 लाख के नकली नोट एक बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद हुआ है।

Gonda News: गोंडा जिले के कर्नलगंज थाना क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने रात्रि गस्त के दौरान एक खास सूचना पर कादीपुर हनुमान मंदिर के पीछे खंडहर के पास से उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले प्रिंस तिवारी पुत्र शिवमगन तिवारी तथा करनैलगंज क्षेत्र के रहने वाले सत्यम उर्फ सत्येंद्र तिवारी को कर्नलगंज पुलिस और एसओजी टीम ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 5 लाख के नोट एक मोटरसाइकिल दो मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह लोग नकली गड्डी के उपर व नीचे एक- एक असली नोट लगा देते है। तथा लोगो को बहकाकर की उनके पैसे दुगना करते है। इसके बाद उनसे असली रुपया लेकर मौके से भाग जाते है। पुलिस ने इनके खिलाफ केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

Source: https://www.patrika.com/gonda-news/gonda-news-two-accused-of-counterfeit-currency-trading-were-caught-by-the-police-5-lakh-counterfeit-notes-were-recovered-this-is-how-they-were-used-in-the-market-18957847